महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / परिषद / 2021 / 1379 लखनऊःदिनांक– 22.06.2021

विषयः–सेकेण्डरी यूजर के माध्यम से समस्त कार्यरत् शैक्षणिक स्टाफ को टरशरी (tertiary) यूजर के रूप में यू–राईज पोर्टल पर पंजीकृत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप / परिषद / 2021 / 1291 दिनांक 21–6–2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा यू–राईज पोर्टल पर संस्था में कार्यरत् समस्त शैक्षणिक स्टाफ को टरशरी यूजर के रूप में 02 कार्यदिवसों में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। यह भी अवगत कराया गया था कि प्रकरण छात्र / छात्राओं के परीक्षा आवेदन फार्म एवं परीक्षा संपादन से संबंधित है।

परंतु कतिपय संस्थाओं द्वारा अभी तक संस्था में कार्यरत् शैक्षणिक स्टाफ को टरशरी यूजर के रूप में यू–राईज पोर्टल पर पंजीकृत नहीं किया गया है। यह अत्यंत खेदजनक स्थिति है एवं शासकीय आदेशों की अवहेलना है। उक्त के दृष्टिगत आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि जिन संस्थाओं द्वारा अभी तक संस्था में कार्यरत् समस्त शैक्षणिक स्टाफ को सेकेण्टरी यूजर के माध्यम से टरशरी (tertiary) यूजर के रूप में यू–राईज पोर्टल पर पंजीकृत नहीं किया गया हो, तत्काल पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। **यह भी अवगत कराना है कि पंजीकृत करते समय प्रत्येक शैक्षणिक स्टाफ के आधार कार्ड नं0 की प्रविष्टि अनिवार्य है।**

प्रकरण संवेदनशील एवं समयबद्ध है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। अन्यथा कि स्थिति में आपकी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए परिषद द्वारा सत्र 2021–22 की सम्बद्धता विस्तार की कार्यवाही संपादित नहीं की जाएगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा।

भवदीय,

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / परिषद / 2021 / 1380-083 तद्दिनांक– 22.06.2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव